an>

Title: Need to augment rail connectivity to Palanpur and Mehsana in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) ः उत्तर गुजरात से सूरत और मुंबई की एक्सप्रेस ट्रेन चलाने हेतु गुजरात में सिर्फ उत्तर गुजरात को छोड़कर सभी प्रदेशों से सीधा रेल संपर्क है। उत्तर गुजरात में सरहदी/सीमावर्ती बनासकांठा, पाटन, अरावली, साबरकांठा और मध्यवर्ती मेहसाना जिला पड़ता है। करीबन डेढ़ करोड़ की जनता का सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक संपर्क सूरत और मुंबई से होता है। लेकिन आजादी के 70 वर्षों बाद भी सूरत से मुंबई जाने के लिए कोई सीधा ट्रेन संपर्क नहीं है। पालनपुर और मेहसाना की जनता को रेल संपर्क के लिए दिल्ली, राजस्थान से आती हुई ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ता है और टिकट कोटा कम होने के कारण जनता को ट्रेन के बजाय लक्जरी बसों पर निर्भर रहना पड़ता है। रेल पटरियाँ खाली पड़ी रहती है और लक्जरी बसों की भारी-भरकम प्रक्रिया के कारण भारी ट्रैफिक, ज्यादा किराया देने के कारण भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ता है।

मेरी मांग है कि गुजरात मेल मुंबई से अहमदाबाद सुबह 5 बजे पहुँचकर रात को 10 बजे तक रेलवे यार्ड में 17 घंटे खड़ी रहती है। गुजरात क्वीन अहमदाबाद में 8 घंटे और गुजरात एक्सप्रेस अहमदाबाद में 10 घंटे से ज्यादा खड़ी रहती है उनको पालनपुर तक दौड़ाया जाए। इंदौर और गांधीनगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी गांधीनगर रात भर खड़ी रहती है उसको मेहसाना तक बढ़ाया जाए। इससे पालनपुर, मेहसाना, पाटन की जनता की रेल सुविधा बढ़ेगी। वैसे ही मेहसाना जो ओएनजीसी मॉडल ऑयल सिटी, मिल्क सिटी, मिल्ट सिटी और इंडस्ट्रियल सिटी कहलाता है तथा रानीकीवाव, पाटन जो एक वर्ल्ड हैरिटेज है वहां टूरिस्टों का भारी आवागमन रहता है उनकी भी सहूलियत बढ़ेगी।